**दिनांक 05.06.2025 को सचिव, सहकारिता विभाग -सह- अध्यक्ष वेजफेड बिहार, पटना की अध्यक्षता में आहूत वेजफेड की समीक्षा बैठक की कार्यवाही:-**

**उपस्थिति -**

1. प्रबंध निदेशक, वेजफेड
2. श्री सुभाष कुमार (अपर निबंधक -सह- परामर्शी, सहकारिता विभाग )
3. राज्य प्रबंधक (HR&Adm)
4. राज्य प्रबंधक (IE&T)
5. अध्यक्ष, तिरहुत सब्जी संघ, मोतिहारी
6. PMC Team Lead एवं अन्य PMC Expert

**बैठक में सचिव, सहकारिता विभाग द्वारा आगामी कार्ययोजना से सम्बंधित पृच्छा की गयी | तदालोक में PMC द्वारा तैयार किये गये प्रस्तुतीकरण को प्रस्तुत किया गया प्रस्तुतीकरण के मुख्य बिन्दुओ पर निर्देश निम्नवत है |**

1. अध्यक्ष, तिरहुत सब्जी संघ के द्वारा पंचायत स्तर पर समितियों के गठन के प्रस्ताव रखा गया | इसके आलोक में PMC को निर्देश दिया गया कि कॉम्फेड के त्रिस्तरीय संरचना का अध्ययन किया जाय एवं पंचायत स्तर पर समिति के गठन के संबंध में निबंधक, सहयोग समितियां से विचार विमर्श किया जाय | यह भी निर्देश दिया गया कि पंचायत स्तर पर सब्जी Collection Centre की व्यवस्था करने हेतु PVCS अपने स्तर पर अपने कार्यकारणी से उप समिति का निर्माण करने हेतु स्वतंत्र है, इसका भी आंकलन कर लिया जाय | जिस पंचायत में सब्जी की खेती होती है वहां Collection Centre निर्मित किया जाय | PMC को निर्देश दिया गया कि पंचायत स्तर पर मॉडल Collection Centre तैयार करने हेतु Realistic Assessment करेंगें |

2. **आधारभूत संरचना** - आधारभूत संरचना निर्माण के आलोक में PMC द्वारा प्रस्तुतीकरण में प्रस्ताव दिया गया कि शेष बचे 420 PVCS में जहाँ आधारभूत संरचना निर्माण स्वीकृत नही है, उनमे इसकी स्वीकृति प्रदान की जा सकती है | उक्त के आलोक में निर्देश दिया गया की PMC आधारभूत संरचना के Design का पुनः अवलोकन करे एवं Design में सुधार कर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करे | संरचनाओ में जिन अवयवों की आवश्यकता नहीं प्रतीत होती है | उनको Design से विलोपित किया जाय एवं उपयोगी अवयवों का विस्तार किया जाय | PMC को यह भी निदेश दिया गया कि आधारभूत संरचना के उपयोग, व्यवसाय, किसानो का इसका लाभ के संबंध में Business Plan अविलम्ब प्रस्तुत किया जाय |

3. **प्याज भण्डारण** – PMC द्वारा प्रस्तुतीकरण में प्रस्ताव दिया गया कि 534 प्रखंडो में से 466 में प्याज़ भण्डारण निर्माण करने का प्रस्ताव दिया गया | इस संबंध में PMC को निदेश दिया गया है कि प्याज़ भण्डारण योजना का लाभ उन क्षेत्रों में दिया जाय, जहाँ प्याज़ की खेती ज्यादा मात्रा में होती है | इकाइयों की संख्या को कम करते

Scanned with OKEN Scanner

हुए उनके क्षमता बढाया जाने पर विचार करे | इस हेतु PMC सर्वे करे एवं Design का पुनः अवलोकन करे एवं Design में सुधार कर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करे | यह भी निर्देश गया कि PMC दो दिनों में प्याज़ भण्डारण संरचना के उपयोग हेतु विस्तृत Business मॉडल तैयार कर समर्पित करे | PMC इसका भी आकलन करे कि स्थानीय स्तर पर वास्तविक उपयोगिता क्या है | इस आधार पर प्याज़ भंडार इकाइयों के संबंध में प्रस्ताव तैयार करे |

4. **तरकारी आउटलेट** – PMC द्वारा तरकारी आउटलेट निर्माण हेतु शेष 334 PVCS के लिये प्रस्तुतीकरण में प्रस्ताव दिया गया | तदालोक में निर्देश दिया कि Comfed मॉडल के तर्ज पर तरकारी आउटलेट खोलने हेतु Module का अध्ययन करते हुए Assesment कर तरकारी आउटलेट के मॉडल में आवश्यक improvement हेतु PMC नया मॉडल तैयार कर प्रस्ताव प्रस्तुत करे एवं नई प्रस्तावित इकयियो की संख्या कम करते हुए एवं वास्तविक आवश्यकताओ का आकलन करते हुए प्रस्ताव प्रस्तुत करे |

5. **बुनियादी उपस्कर एवं कंप्यूटरीकरण** - वर्त्तमान में 98800 प्रति PVCS 438 बुनियादी उपस्कर क्रय हेतु संचालित है | PMC द्वारा प्रस्ताव दिया गया कि योजना का विस्तार करते हुए सभी 534 PVCS में DPR में अंकित 3.10 लाख प्रति PVCS की राशि दी जा सकती है ताकि सभी PVCS में ताकि बुनियादी उपस्कर सहित computer आदि का क्रय सभी PVCS में किया जा सके इस हेतु 9.96 कड़ोड़ रूपये का प्रस्ताव प्रस्तुतीकरण में प्रस्तुत किया गया | उक्त के आलोक में निदेश दिया कि पूर्व के प्राक्कलन के सम्बन्ध में Market Assess कर प्राक्कलन को संशोधन कर वास्तविक आवश्यकता का आकलन करते हुए प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय |

6. **Soil Testing Lab** – PMC द्वारा PVCS में Soil Testing Lab स्थापित करने हेतु प्रति PVCS एक लाख रूपये की दर से 534 pvcs हेतु 5.34 cr का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया | सचिव, सहकारिता विभाग द्वारा PMC को निदेश दिया कि Soil Testing Lab हेतु जमीन की आवश्यकता, प्राक्कलन का वास्तविक निर्धारण एवं अन्य विवरणी के साथ विस्तृत प्रस्ताव पुनः प्रस्तुत किया जाय |

7. **Seed Bank** –PMC द्वारा सभी PVCS में बीज नर्सरी स्थापित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया | उक्त आलोक में राज्य प्रबंधक (IE &T) द्वारा बताया गया कि Plug Type नर्सरी की स्थापना करने हेतु प्रस्ताव IARI Pusa विश्वविद्यालय से अनुमोदन प्राप्त किया गया | निर्देश दिया कि उक्त प्रस्ताव पर विस्तृत परियोजना तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश PMC को दिया गया |

8. **जिला स्तर पर HUB का निर्माण** – PMC द्वारा प्रस्ताव दिया गया कि जिला स्तर पर 5000 MT पर Multichambered शीत भण्डारण का निर्माण सभी 38 जिलो में कराया जा सकता है | उक्त के आलोक

Sd/-

Scanned with OKEN Scanner

में निर्देश दिया कि वास्तविक उपयोग का आकलन करते हुए इकाइयों की संख्या कम की जाय एवं उक्त जिला HUB की प्रस्तावित परियोजना के संबंध में Return on investment का प्रस्ताव तैयार किया जाय | जिला HUB के अन्दर अवयवो का आकलन कर प्रस्ताव पुनः तैयार किया जाय | जिला HUB का संचालन का दायित्व या तो दायित्व संघ का हो या मुख्यालय स्थित pvcs को दिया जाय | यह सुनिश्चित किया जाय कि जिला HUB निर्माण के साथ विपणन की व्यवस्था को भी सम्मिलित किया जाय |

9. **संघ स्तर पर प्रसंस्करण इकाई की स्थापना** – इस हेतु निर्देश दिया कि PPP मॉडल पर प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय | इस हेतु निवेशको के साथ VC के माध्यम से बैठक आहूत कराने का निदेश दिया गया | प्रसंस्करण इकाइयों के स्थापना एवं संचालन हेतु विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय | विस्तृत प्रस्ताव में इसके, स्वामित्व , संचालन हेतु स्पष्ट कार्य योजना अंकित की जाय |

10. **परिसंघ की स्थापना एवं मानव संसाधन हेतु प्रस्ताव** – PMC द्वारा वेजफेड स्तर पर विभिन्न कार्यों में जैसे वेजफेड कार्यलय की स्थापना हेतु 20 cr का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया | पांच वर्ष के प्लान को क्रियान्वयन हेतु मानव संसाधन पर पांच वर्षो के लिए कुल 250 cr का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया | उक्त के आलोक में निदेश दिया कि HR के संबंध में phase-wise प्लान प्रस्तुत किया जाय | PMC द्वारा पांच वर्ष के योजना पर कुल लगत 4793.61 cr राशि की उपलब्धता पर पृच्छा की गयी | PMC द्वारा इस मॉडल के क्रियान्वयन हेतु ADB , NABARD, NCDC, JICA आदि के साथ समन्वय करने का प्रस्ताव दिया | तदालोक में निर्देश दिया गया कि सम्बंधित अन्तराष्ट्रीय /राष्ट्रीय फंडिंग एजेंसियों से PMC सम्पर्क स्थापित करे एवं उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु loan repayment plan एवं Revenue generation model तैयार करे साथ ही भारत सरकार एवं राज्य सरकार के अन्य योजनाओं के साथ योजनाओ के Convergence के तहत funding पैटर्न तैयार करे |

## अन्यान्य:-

**सब्जी विक्रेता Onboarding plan पर विचार** – PMC द्वारा पटना अंतर्गत सब्जी विक्रेताओ को वेजफेड के अधीन लाने हेतु एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया | उक्त आलोक में निर्देश निम्नवत है :-

- योजना अंतर्गत सब्जी विक्रेताओ के सर्वे को यथा शीघ्र प्रारंभ करे |
- IEC Material जैसे बैनर, पोस्टर, जिंगल आदि शीघ्र तैयार करे इस हेतु IPRD की एजेंसी को शीघ्र कार्यादेश निर्गत किया जाय | योजना अंतर्गत kit को standardised कर specification तय किया

Scanned with OKEN Scanner

जाय एवं सर्वे हेतु app in house Develop करे | योजना अंतर्गत पटना सहित अन्य जिले जैसे मुजफ्फरपुर आदि को भी प्रस्ताव में सम्मिलित किया जाय | इस हेतु संघो से प्रस्ताव प्राप्त किया जाय|

उपरोक्त सभी पर वास्तविक आंकलन करते हुए सरकार के समक्ष उपस्थापित करने हेतु समुचित प्रस्ताव PMC द्वारा तैयार किया जाय |

अंत में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी |

ह०/
(धर्मेन्द्र सिंह)
सचिव, सहकारिता विभाग
-सह-
अध्यक्ष, वेजफेड |

ज्ञापांक ...741........./ दिनांक ..12/06/26

प्रतिलिपि:- 1.सचिव, सहकारिता विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित |

2.अध्यक्ष/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हरित सब्जी संघ,पटना / तिरहुत सब्जी संघ,मोतिहारी /मिथिला सब्जी संघ,दरभंगा /मगध सब्जी संघ, गया/ भागलपुर सब्जी संघ, भागलपुर / मुंगेर सब्जी संघ, मुंगेर /सारण सब्जी संघ, सारण / शाहाबाद सब्जी संघ, शाहाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित |

3.सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी-सह-उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, वेजफेड अंतर्गत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित |

4.वेजफेड अंतर्गत सभी सम्बंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित|

5.राज्य प्रबंधक (IT&MIS) को सूचनार्थ एवं निदेश है कि कार्यवाही को वेजफेड की वेबसाइट पर प्रकाशित करना सुनिश्चित करें |

6.श्री संजीव कुमार सुमन, PMC टीम लीड, वेजफेड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित |

7.सभी PVCS अध्यक्ष को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित |

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,पटना |

Scanned with OKEN Scanner